ओ मेरे खाटू वाले

दर्शन में पाऊंगी तुमको मनाऊंगी,
आ जाओ सांवरिया अपना बनाऊंगी,
दर पर मैं करती हूं पुकार ओ मेरे खाटू वाले,
तू ही तो लखदातार ओ मेरे खाटू वाले,

हारे का तू सहारा है दया तू सब पर करता है,
सुना है मैंने भक्तों की खाली झोली भरता है,
आज है मैंने जाना शक्ति को तेरी माना,
होंगी तुमसे बातें पावन हो मुलाकातें,
ऐसे ना जाऊंगी मुफ्ती में पाऊंगी,
द्वारे पर तेरी में सर को झुका आऊंगी,
पाना मुझे है दीदार ओ मेरे खाटू वाले,
तू ही तो लखदातार ओ मेरे खाटू वाले,

होकर भी कल इस दुनिया में दुखियारी में फिरती हूं,
कैसे पार में पाऊंगी सोचकर यह मैं डरती हूं,
माया तेरी ना जाने वेद तुझे हैं बखानी,
कर दो सफल यह जीवन देता है अब जग ताने,
अब नहीं जाऊंगी महिमा में गाऊंगी,
गुणगान गाते में तुम को मनाऊंगी,
भक्ति पर मेरा ऐतबार ओ मेरे खाटू वाले,
तू ही तो लखदातार ओ मेरे खाटू वाले,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5236/title/o-mere-khatu-wale-tu-hi-to-lakhdaatar-omere-khatu-vale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |